तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 23 नवंबर 2025

14 जीपीडीपी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में 135...



14 बच्चों को फिर शिक्षा से जोड़ने का कारगर पहल...





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त जिला युकां अध्यक्ष का स्वागत



**कांकेर।** जिला युवा कांग्रेस कांकेर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र दुबे का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा 22 नवंबर को राजीव भवन कांकेर में जोशीला स्वागत किया। नियुक्त विधानसभा कांकेर के प्रभारी पुरुषोत्तम पाटील ने सभी युवा कांग्रेस के साथियों को विस्तृत जानकारी दी तथा सभी ब्लॉकों में युवा कांग्रेस को प्रभारी बनने के लिए कहा गया, जिसमें नवनियुक्त जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र दुबे द्वारा सभी ब्लॉकों में प्रभारी नियुक्त की चर्चा की गई। तत्काल प्रभारी नियुक्त करने की बात कही गई। बैठक में विशेष रूप से नरोत्तम पटेल, सोमनाथ जैन, राजेश भास्कर, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्ष कांकेर खोमेंद उइके, जिला अध्यक्ष एनएसयूआई सुमित राय, मिर्दुला भास्कर, सुरेश नाग, जिला उपाध्यक्ष चंद्रलोक ठाकुर, शेष गजभिए व अन्य उपस्थित रहें।

### युवक ने खाया जहर इलाज से पहले मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत एनहुर निवासी 40 वर्षीय चरण सिंह यादव ने जहर खा लिया। अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने से पहले ही उसका मौत हो गया। बड़गांव निवासी 37 वर्षीय देवकी बाई यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए दुर्गुकोंदल के अस्पताल में ले गए। इलाज से पहले ही 21 नवंबर की रात साढ़े 12 बजें मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चारामा निवासी 66 वर्षीय रामगुलाल यादव ने 21 नवंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चारामा निवासी 28 वर्षीय नरेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### हाफ बिजली की घोषणा से मिलेगी राहत : शर्मा

**कोरर।** प्रदेश में भाजपा के विष्णुदेव साय सरकार की कैबिनेट बैठक में 200 यूनिट बिजली बिल हाफ करने का निर्णय स्वागत योग्य है।



भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री कोरर नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बड़ा फैसला किया है। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल 200 यूनिट तक हाफ किया जाएगा। इस योजना से प्रदेश के लाखो लोगों को सीधे राहत मिलेगी। भारत सरकार और राज्य सरकारों ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मदद के लिए बिजली बिल माफी योजना 2025 शुरू की है। इस योजना के तहत पुराने बिजली बिल माफ किए जाएंगे और पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। इससे गरीब परिवारों को बिजली बिल का भारी बोझ कम होगा और उनका ⏭ शेष पेज 12 पर

शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, पेयजल और अल्पाहार की सेवा दी

# ओम मंडली शिव भक्ति अवतार सेवा की शोभायात्रा से शहर छाया श्रद्धा व उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ओम मंडली शिव भक्ति अवतार सेवा कांकेर द्वारा शनिवार 22 नवंबर को भव्य धार्मिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अद्भुत धार्मिक माहौल का सृजन किया। शहर के मुख्य मार्गों से निकली यह शोभायात्रा आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनोखा संगम रही। शिव भक्ति और भजन-कीर्तन के मधुर स्वर से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा।

शोभायात्रा की शुरुआत स्थानीय ओम मंडली प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। मुख्य अतिथियों और वरिष्ठ भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शोभायात्रा आनंदम होटल से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए ऊपर नीचे रोड, होटल लेक व्यू से वापसी अग्रसेन चौक होते हुए रमा लॉज चौक, दुधावा चौक से वापिस आनंदम परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई, वहीं समाज के कई प्रमुख संगठनों ने पेयजल और अल्पाहार की व्यवस्था कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शिवरथ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। आकर्षक रूप से सजाए गए रथ में भगवान शिव की झांकी स्थापित की गई थी, जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।



महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर नृत्य-भजन के माध्यम से शिव भक्ति का अनोखा उत्साह प्रदर्शित किया। खासकर डोल-नगाड़ों और धुनों ने भक्तिमय वातावरण को और जीवंत कर दिया।

### शिव-शक्ति स्वरूप का मंचन

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की विशेष झांकी भी निकाली गई, जिसमें आदिशक्ति और शिव-शक्ति स्वरूप का सुंदर मंचन किया गया। बच्चों ने शिव-तांडव और अन्य धार्मिक प्रस्तुतियों से शोभायात्रा में आध्यात्मिक रंग भर दिया। पूरे मार्ग में नगरवासियों ने श्रद्धालुओं को ठंडा पानी, शरबत, प्रसाद और फल वितरित कर सेवा का परिचय दिया। ओम मंडली के पदाधिकारियों ने बताया कि शिव भक्ति अवतार सेवा का उद्देश्य समाज में सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक जागृति फैलाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी शोभायात्राएं न केवल धार्मिक आस्था को समृद्ध करती हैं, बल्कि समाज को प्रेम, एकता और संस्कारों से जोड़ने का कार्य भी करती हैं।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने मार्ग व्यवस्थित कर शोभायात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से निकालने में सहयोग किया। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष टीम तैनात की गई थी।

## श्रद्धांजलि योजना के तहत दो नहीं ढाई हजार मिलेंगे, देना होगा बीपीएल नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगरीय निकायों में अब श्रद्धांजलि योजना के तहत मृतक के परिजन को मिलने वाली सहायता राशि 2000 रुपएं से बढ़ाकर 2500 रुपएं कर दी गई है। पहले के नियमों में अब बदलाव भी किए गए है। आवेदन करने का तरीका और दस्तावेज को लेकर नए नियम बनाए गए है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के अनुसार श्रद्धांजलि योजना का लाभ केवल उन्ही परिवारों को मिलेगा, जिनके नाम गरीबी रेखा सर्वे सूची वर्ष 2002 या 2007-08 में दर्ज हैं। पात्र परिवारों को दशक्रिया के लिए 2500 रुपएं की राशि दी जाएगी। इस योजना का लाभ पाने के लिए अब मृतक के परिजन को गरीबी रेखा सर्वे क्रमांक की प्रति देना अनिवार्य होगा। पहले केवल पार्षद के प्रमाणित करने पर ही योजना का लाभ मिल जाता था। यह योजना पहले भी बीपीएल परिवारों के लिए थी, लेकिन इसके लिए किसी प्रकार का दस्तावेज आवश्यक नहीं था। अब आधार कार्ड, राशन कार्ड, गरीबी रेखा सर्वे क्रमांक के साथ पार्षद का प्रमाणीकरण भी जरूरी कर दिया गया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए है और निकाय स्तर पर अलग-अलग निर्देश भेजे जा रहे है।

- पहले पार्षदों के प्रमाणित करने मात्र से मिलता था लाभ, अब निकाय स्तर पर नया फरमान



### योजना का लाभ सिर्फ गरीबों को मिलेगा

कांकेर नगरपालिका के सीएमओ पवन मेरिया ने बताया कि सभी नगरीय निकाय में संचालित श्रद्धांजलि योजना की राशि अब 2000 से बढ़ाकर 2500 रुपएं कर दी गई है। इस योजना का लाभ केवल गरीब परिवार को मिले, इसके लिए नए नियम बनाए गए है।

इस योजना का उद्देश्य वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मदद उपलब्ध कराना है। योजना का लाभ पाने के लिए मृतक के परिजन को संबंधित नगरीय निकाय में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ पार्षद का सत्यापन पत्र, गरीबी रेखा सर्वे क्रमांक, राशन कार्ड की प्रति और परिजन में से किसी एक का आधार कार्ड संल्गन करना अनिवार्य है।



## वार्ड- नौ में गार्डन निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 09 में शुक्रवार को प्रस्तावित गार्डन निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। यह गार्डन पूर्व विधायक स्व मनोज मंडावी द्वारा घोषित किया गया था, जिसके निर्माण का सपना अब पूर्व पार्षद शांति ठाकुर के प्रयासों से साकार होने जा रहा है।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाला यह गार्डन स्थानीय नागरिकों के लिए हरा-भरा और आकर्षक विश्राम स्थल प्रदान करेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस विकास कार्य को नगर की सौंदर्य वृद्धि और लोगों के स्वास्थ्य व मनोरंजन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना है कि गार्डन बनने से बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों के लिए एक बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान वार्ड वासियों ने जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद व्यक्त किया और शीघ्र निर्माण पूर्ण होने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने किया एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद तुषार ठाकुर उपस्थित रहे।

## कुम्हार कालेज के प्राचार्य का स्थानांतरण रद्द करने की माँग, छात्रों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के छात्रों ने वर्तमान प्राचार्य के प्रस्तावित स्थानांतरण आदेश का कड़ा विरोध करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, अपर कलेक्टर, राजस्व विभाग के नाम तहसीलदार को सामूहिक ज्ञापन सौंपा है।

शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्राचार्य के उत्कृष्ट नेतृत्व का हवाला देते हुए उनके आदेश को तत्काल पुनर्विचार कर रद्द करने की माँग की है। छात्र-छात्राओं द्वारा लिखे गए इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि प्राचार्य डीएल बढ़ाई के कार्यकाल में महाविद्यालय ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में अभूतपूर्व प्रगति की है। विद्यार्थियों ने विशेष रूप से गोष्ठी, संगोष्ठी, राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेडक्रॉस जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों के सुचारू संचालन का उल्लेख किया। छात्रों का मानना है कि वर्तमान प्राचार्य का नेतृत्व न केवल महाविद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक उन्नति के लिए बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए भी अत्यंत आवश्यक है। मांग पूरी न होने की स्थिति में छात्रों ने कड़ा रुख अपनाते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि प्रस्तावित स्थानांतरण आदेश पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो छात्र-छात्राओं द्वारा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने ⏭ शेष पेज 12 पर

## अभनपुर केंद्र में धान खरीदी के शुभारंभ होने से कृषक उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

जिले के अभनपुर धान खरीदी केंद्र में खरीदी सीजन का औपचारिक शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसानों से धान उपार्जन कार्य की शुरुआत की गई। खरीदी केंद्र परिसर सुबह से ही किसानों की उपस्थिति से गुलजार रहा और पूरे वातावरण में उमंग और उत्साह देखा गया।

शुभारंभ अवसर पर किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। अधिकांश किसानों ने शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर हो रही सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी खरीदी व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष खरीदी केंद्रों में सुविधाएं बेहतर और सुचारू रूप से उपलब्ध कराई गई हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और निर्बाध खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का उचित मूल्य दिलाना शासन की प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल समाधान किया जाएगा। किसानों ने भी खरीदी केंद्र में पीने के पानी, काटा, तोल, सुरक्षा, भूसा निस्तारण और टोकन व्यवस्था जैसी सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए आशा जताई कि पूरे सीजन में खरीदी इसी तरह सुचारु रूप से चलती रहेगी।



अभनपुर में खरीदी के पहले ही दिन पहुंचे भारी संख्या में किसानों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि केंद्र में तैयारियों को लेकर किसानों के मन में विश्वास है। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं और किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखा गया है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा, सरपंच मालती नेताम, प्राधिकृत अधिकारी मन्नूराम भास्कर, जनपद सदस्य भावऊराम भास्कर, घुनेराम नेताम, अजय नेताम, राकेश वटी, सुशील नेताम, विश्वनाथ नेताम, शाखा प्रबंधक झाड़ राम नेताम, कृषि विस्तार अधिकारी सेठिया, सचिव विष्णु राम सिन्हा, बिहार सोरी, रमऊ राम यादव, अशोक शोरी, पिलेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे।

पं रविवि रायपुर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव चौधरी कार्यक्रम में शामिल हुए

# फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में शोध के विविध पहलुओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन कन्या महाविद्यालय में शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तत्वाधान में महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव चौधरी ने शोध के विविध पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ चौधरी ने सैकडों की संख्या में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए है और साथ ही उनके हजारों शेधपत्र देश भर में विभिन्न स्थानों में अलग अलग अवसरों पर प-सजये गए हैं। उन्होंने पोलेण्ड, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों में वहां के विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का लाभ प्रदान किया है। उन्हें विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में इन देशों में बुलाया जा चुका है। कार्यक्रम की षुरूआत करते हुए संस्था प्रमुख प्रो जे के बारले ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्राध्यापकों के साथ साथ विद्यार्थियों को भी शैक्षणिक विकास में सहायता मिलती है। चर्चा किया गया कि शोध के लिए किस प्रकार से विषय का चयन किया जा सकता है। उसके बाद विशय से सम्बन्धित आंकडों का एकत्रीकरण, उनका विष्लेषण करते हुए किस प्रकार से परिणाम तक पहुंचा जा सकता है। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए किस प्रकार से शोधकार्य सम्पन्न किया जा सकता है इसका उन्होंने व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किया। पबमेड जैसे कई स्त्रोत मौजूद हैं जो इस बात की जानकारी प्रदान करते हैं कि किसी विषय पर कितने षोधपत्र लिखे जा चुके हैं और उनका सम्बन्ध किन विषयों के साथ जोडा जा सकता है। इस प्रकार से षोधपत्रों के लेखन में कम्पयूटर और इंटरनेट का उपयोग हमारे लिए सहायक सिद्ध हो सकता है। धन्यवाद ज्ञापन प्रो सुनील कुमार साहू और क्रीडाधिकारी महेन्द्र रजक के द्वारा किया गया। महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोश्ठ के संयोजक प्रो योगराज साहू के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की सफलता में प्रो मनोज कुमार गोटी, प्रो आरती मरकाम, डॉ. रीना जामुनकर, प्रो रष्मि नाग, प्रो. दीप्ति सोनी, डॉ. तरन्नुम, डॉ. मुमताज, डॉ सुमन साहू, प्रो. नेहा बघेल, ग्रंथपाल गुणवान जांगडे, प्रो. विश्णुदेव साहू सहित कायालयीन स्टाफ कृश्णा नाग, हिमांषी कावडे, संतोशी दीवान, महेष नेताम आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर ⏭ शेष पेज 12 पर



## आत्मानंद स्कूल से इलेक्ट्रानिक सामान की चोरी, विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर के शासकीय नरहरदेव आत्मानंद स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का संचालन के लिए इलेक्ट्रानिक समान लाया गया था और कमरा मे रखा गया था। दोपहर और रात के बीच किसी अज्ञात ने समान का चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे महेन्द्र कुमार क्षत्रीय ने पुलिस को बताया कि नाट्य मंचन समिति कांकेर का सदस्य हूं और शासकीय नरहरदेव आत्मानंद स्कूल के अंदर स्टेज में 13 नवंबर को शाम 6 बजे नाद ब्रह्मा नाट्य मंचन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नाट्य मंचन समिति अपने साथ कुछ इलेक्ट्रानिक समान कार्यक्रम का संचालन करने के लिए लेकर आए थे और निर्मित स्टेज के पीछे कमरा नंबर 10 में रखा गया था। घटना 13 नवंबर को दोपहर 1 से रात 8 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इलेक्ट्रानिक समान, जिसकी कीमत 8 हजार 500 रूपएं को चोरी कर ले गया है। नाट्य मंचन समिति हमारे अतिथि थे और उसका उद्देश्य जन जन में राष्ट्र ⏭ शेष पेज 12 पर



**खबर संक्षेप**

## तारागांव में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**लोहंडीगुड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा द्वारा संयुक्त विशेष शिविर ग्राम तारागांव में लगाया गया है। शिविर के तीसरे दिन पुलिस विभाग द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, एआई, यौन शोषण, चाइल्ड लेबर इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक रविकुमार बैगा, विश्वराज सोलेकी, छबि ठाकुर, विमला ठाकुर, मेघनाथ भगत, लिकेश ठाकुर, सुलधर, यदुराम एवं कार्यक्रम अधिकारी सरोज पटेल तथा आकाश भगत एवं दल नायक प्रेमराज, दल नायिका इच्छा एवं समस्त स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## पंजीकरण व फिटनेस प्रमाण पत्र नवीनीकरण अनिवार्य

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी वाहन स्वामियों के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र एवं उपयुक्तता प्रमाण-पत्र का समय पर नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 45 एवं 56 तथा केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 52 और 62 के अनुसार, वाहन का पंजीकरण या फिटनेस प्रमाण-पत्र अवसान होने के उपरांत वाहन का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जो वाहन स्वामी अपने वाहन का उपयोग निरंतर करना चाहते हैं। उन्हें नियम अनुसार निर्धारित प्रपत्र एवं शुल्क के साथ संबंधित पंजीयन प्राधिकारी के समक्ष नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपयुक्तता प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के अंतर्गत प्रारूप-22 तथा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण हेतु प्रारूप-25 में आवेदन प्रस्तुत करना होता है। नियम 81 में निर्धारित शुल्क का भुगतान भी आवश्यक है। परिवहन कार्यालय द्वारा वाहन मालिकों को सचेत किया गया है कि यदि वाहन स्वामी समय पर आर सी के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं करते हैं तो यह माना जाएगा कि वाहन सार्वजनिक स्थानों पर संचालित करने योग्य स्थिति में नहीं है। ऐसी दशा में वाहन से संभावित खतरे या मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 53(1) के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को निलंबित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

# सक्षम विद्यालय जावंगा में हुआ इंटेक सह व्यावसायिक मूल्यांकन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों शिक्षा के साथ सशक्त बनाने में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस क्रम में गीदम विकासखंड अंतर्गत जावंगा के अटल बिहारी वाजपाई एजुकेशन सिटी स्थित सक्षम विशेष बाधारहित आवासीय विद्यालय में श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत रोजगार महानिदेशालय के नेशनल केरियर सर्विस सेंटर जबलपुर, मध्यप्रदेश द्वारा इंटेक सह व्यवसायिक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय शिविर 11 एवं 12 नवंबर को आयोजित किया गया। जिसमें दंतेवाड़ा जिला समेत बीजापुर, कोंडागांव, बस्तर जिलों से 13 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 237 दिव्यांग लोगों ने सम्मिलित हुए। शिविर में दिव्यांगजनों का कैरियर काउंसलिंग एवं व्यवसायिक मूल्यांकन कर भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय



के पोर्टल में प्रविष्ट करने की प्रक्रिया की गई है। इस शिविर में नेशनल करियर सर्विस सेंटर जबलपुर के कान्ति कुमार देशमुख व्यवसायिक प्रशिक्षण रोजगार एवं रमेश कुमार व्यावसायिक प्रशिक्षण रोजगार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नैशनल करियर सर्विस सेंटर 1970 की दशक से दिव्यांगों के रोजगार मूलक मूल्यांकन और व्यवसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने का कार्य कर रही हैं यह देखा गया है कि दिव्यांग जानकारी के अभाव में सेंटर से प्राप्त सुविधाओं से वंचित होते हैं। इस तरह यह शिविर छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पहला शिविर रहा। आने वाले समय में दिव्यांगों के लिए सेंटर व्यवसायिक प्रशिक्षण देने पर विचार किया जायेगा। इस शिविर में विशेष सहयोगी सक्षम 1 बालक परिसर के अधीक्षक प्रमोद कर्मा एवं सक्षम 2 बालिका परिसर अधीक्षका रमा कर्मा के साथ विशेष शिक्षकगण तिलेश कटेश्वर, पूनम सिंह, अमित यादव, विक्रम पांडा, टूम्मन साहू, आसमन नाग, कु विनोदनी द्वारा काउंसलिंग तथा मूल्यांकन किया गया।

# तुमकपाल का जर्जर स्कूल बनेगा स्मार्ट, पालकों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत तुमकपाल पहुंचकर ग्राम वासियों से सीधे संवाद किया और गांव में उपलब्ध सुविधाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, राशन वितरण व्यवस्था, प्राथमिक स्कूलों की हालत, पेयजल

■ **कलेक्टर हुए गंभीर, उन्नयन के दिए निर्देश**

उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएं और ग्रामीणों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं का उन्होंने विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दुदावत शासकीय प्राथमिक स्कूल की जर्जर स्थिति देखकर गंभीर हुए और तत्काल इसके उन्नयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्कूल जल्द




ही स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि बच्चों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शिक्षा का वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तुरंत काम शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें उन्नत खेती, मिश्रित फसल प्रणाली और जैविक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कुलथी, रागी जैसी फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीज कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उत्पादन क्षमता बढ़े और किसानों की आमदनी में सुधार हो। ग्रामवासियों ने पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, सड़क मरम्मत और वनाधिकार पट्टों से जुड़े मुद्दे भी कलेक्टर के सामने रखे, जिन पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि गांव की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और प्रत्येक समस्या का समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी में गुणवत्तापूर्ण पोषण की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नियमित जांच और बच्चों के स्वास्थ्य मूल्यांकन को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए जाएंगे, युवाओं के लिए कौशल विकास गतिविधियां शुरू की जाएंगी और जिन ग्रामीणों को वनाधिकार का लाभ मिलना है, उनके प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। तुमकपाल के इस निरीक्षण दौरे में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# रजनीश को जिला महामंत्री का दायित्व आर्येन्द्र और नरसिंग बने उपाध्यक्ष








हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले की नवीन जिला पदाधिकारियों की टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने शुक्रवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। भाजपा बस्तर जिला के नये पदाधिकारियों में जिला महामंत्री का दायित्व रजनीश पाणिग्रही व परीसराम बेसरा को सौंपा गया है। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, ललिता बघेल, आर्येन्द्र सिंह आर्य, रामकुमारी यादव, सफीरा साहू एवं लखीधर बघेल बनाये गये हैं। जिला मंत्री के रूप में फूल सिंह सेठिया, सुब्रतो विश्वास, नारायण ठाकुर, खितेश मौर्य, किरण सेन व रैतूराम बघेल बनाये गये हैं। जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप देवांगन और सह कोषाध्यक्ष बिपिन मालवीय को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री रोहित त्रिवेदी और सह कार्यालय मंत्री राजपाल कसेर को नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी व सह मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार शुक्ला को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश केजी एवं सह सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश मिश्रा बने हैं। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नवीन जिला टीम के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी की रीति नीति पर सतत काम करते हुये संगठन को मज़बूत बनाने की अपेक्षा की है।

## मनरेगा से निजी तालाब बना आजीविका का मजबूत सहारा

**बीजापुर।** जिले के जनपद पंचायत भोपालपटनम के ग्राम पंचायत बारेगुड़ा की निवासी पेंदम सम्मूबाई के जीवन में मनरेगा योजना ने एक नया उजाला भर दिया। पहले सम्मूबाई अपने परिवार के साथ केवल वर्षा आधारित खेती और मजदूरी पर निर्भर थीं। कृषि योग्य भूमि होते हुए भी सिंचाई सुविधा के अभाव में वे अपनी जमीन से पर्याप्त उत्पादन नहीं ले पाती थीं जिससे परिवार की आय सीमित रह जाती थी। एक दिन खेत में काम करते समय ग्राम रोजगार सहायक फागे वेंकटेश्वर द्वारा उन्हें जानकारी मिली कि महात्मा गांधी नरेगा योजना छोटे किसानों की निजी भूमि पर तालाब निर्माण की सुविधा प्रदान करती है।

# हरसिंह का एकीकृत खेती मॉडल बना प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ग्राम बिंजाम, विकासखंड गीदम के 57 वर्षीय प्रगतिशील किसान हरसिंह ओयामी आज जिले में जैविक खेती के प्रेरणास्त्रोत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने अपनी पूरी कृषि प्रणाली को जैविक, टिकाऊ और लाभदायक मॉडल में परिवर्तित किया है। परिवार के सहयोग, सतत प्रयास और वैज्ञानिक सोच ने उन्हें जिले के अग्रणी जैविक किसानों में शामिल कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हरसिंग ओयामी को कृषि विभाग के मार्गदर्शन में पक्का पशु शेड, नाडेप टांका, वर्मी टांका और अन्य जैविक संरचनाओं



का लाभ मिला। इसके अलावा देशी गायों के सुव्यवस्थित पशुपालन ने उनकी जैविक खेती को मजबूत आधार प्रदान किया। हरसिंग ओयामी जैविक कृषि में इतने प्रवीण हो गए है कि अपने खेत में वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र जैसे देशी जैविक कीटनाशक व उर्वरक स्वयं तैयार करते हैं। इससे न केवल कृषि लागत में कमी आई, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ने के साथ-साथ फसलें अधिक गुणवत्तापूर्ण बनीं। उनके कृषि क्षेत्र एवं कृषि पैदावार को को देखना एक सुखद अनुभव देता है। उनकी खेती की सबसे बड़ी विषेषता फसल विविधता है। वे श्री विधि, लाइन विधि और पारंपरिक विधि से देशी धान का उत्पादन करते हैं। साथ ही बैंगन, टमाटर, गोभी, मटर, मूली, गाजर, लाल भाजी, मेथी, दलहन, तिलहन सहित अनेक सब्जियों एवं फसलों की वर्षभर खेती करते हैं। इसके अलावा मिलेटस के तहत रागी, कोदो-कुटकी, का उत्पादन, बागवानी के तहत आम, अमरूद और वाटर एप्पल जैसे फलों की खेती ने उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

# 1188 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पाठ्यक्रम पोषण भी पढ़ाई भी पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति चखियार खोखर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में यूनिसेफ समर्थित विक्रमसिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी के जिला समन्वयक जगत मल्होत्रा तथा सभी पर्यवेक्षकों ने मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशिक्षण बीजापुर जिले की



छह परियोजनाओं बासागुड़ा, भैरमगढ़, बीजापुर, कुटरू, भोपालपटनम तथा उसूर में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 1188 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी कांता मेश्राम, पूनम सिंह सोम, कल्पना रथ और राजकुमार उसेंडी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, भाषा कौशल, सामाजिक सहभागिता तथा व्यवहारिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। वीडियो प्रदर्शन, समूह गतिविधियां और रोल-प्ले आधारित अभ्यासों के माध्यम से यह समझाया गया कि खेल-आधारित शिक्षण पद्धति बच्चों की सीखने की क्षमता को प्रभावी रूप से बढ़ाती है।

समापन सत्र में परियोजना अधिकारी कांता मेश्राम ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक लेते हुए कार्यकर्ताओं को सीख को अपने दैनिक कार्यों में लागू करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# भानबेड़ा की अर्चना का चयन अंडर 17 टीम में चयन होने पर किया सम्मान

**भानुप्रतापपुर।** खेल जगत में बस्तर संभाग के लिए गर्व का क्षण आया है। भानबेड़ा ग्राम की प्रतिभावान कक्षा 8वीं कि छात्रा अर्चना जैन का चयन अंडर-17 राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की महिला क्रिकेट टीम में किया गया है। वे बस्तर संभाग से चयनित होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। अर्चना जैन की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बस्तर संभाग के लिए गर्व का विषय है। ग्रामीणों का विश्वास है कि भविष्य में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ और बस्तर का नाम रोशन करेंगी। अर्चना जैन के चयन की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी भी उनके निवास पहुँचीं और बिटिया को आशीष देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे बस्तर की बेटियों के लिए प्रेरणा है। सम्मान कार्यक्रम में सरपंच भानबेड़ा ममता ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, अकरम कुरैशी, उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, सरोज मरकाम,



कृषि सभापति राजकुमार दर्रो, जनपद सदस्य खेमीन कोरेटी, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रदीप कोरेटी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन शामिल रहे। सांसद भोजराज नाग ने भानबेड़ा पहुँचकर अर्चना को शुभकामनाएँ दीं और उनके क्रिकेट कोच का भी सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल मंत्री जितेंद्र पांडेय, पूर्व महामंत्री भागबली जैन, ग्राम सरपंच ममता ठाकुर, ग्राम पटेल दुर्योधन सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा महामंत्री जागेश्वर सिंह नरेटी, कार्यालय प्रभारी राजेंद्र जैन, रमेश कोर्राम, सुरेंद्र जैन, पीला बाई यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## डीए और एरियर्स की मांग के लिए चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

**गीदम।** प्रदेश के पांच लाख कर्मचारियों और डेढ़ लाख पेंशनरों को जुलाई महीने से महंगाई भत्ता और वर्ष 2017 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर मुख्य सचिव के नाम पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि करन सिंह अटेरिया के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत सरगुजा में महामाया देवी दर्शन के बाद किया गया है। एक मांग एक मंच हस्ताक्षर अभियान दंतेवाड़ा जिला में भी जोर शोर से जारी है। विभिन्न विभागों के कर्मचारी अपने हक के लिए हस्ताक्षर मुख्य सचिव के नाम कर रहे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, आजाकवि कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों जिला के पेंशनरों ने हस्ताक्षर अभियान का खुलकर समर्थन किया है। स्वास्थ्य विभाग, जीएसटी विभाग, नगरी प्रशासन, ग्रामोद्योग, मत्स्य विभाग, सहकारिता, फूड एवं ड्रग्स, नागरिक आपूर्ति, फूड विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, आर्थिक सांख्यिकी, जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, संस्थागत वित्त, पेंशन, तकनीकी शिक्षा के अधिकारी और कर्मचारी अपना हस्ताक्षर कर चुके हैं। अटेरिया ने बताया कि रायपुर राजधानी स्थित जल संसाधन विभाग और क्षेत्रीय कार्यालय जीएसटी सहित उपसंचालक कृषि, लोक निर्माण विभाग सिविल और ई एंड एम के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के 100 प्रतिशत कर्मचारी अधिकारी मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन में हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दे चुके हैं।

# शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में मना एनसीसी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल में एनसीसी का स्थापना दिवस मनया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रंगारंग कार्यकम के साथ उत्साहपूर्वक एनसीसी दिवस मनया गया। किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत सभी शासकीय स्कूलों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। एनसीसी दिवस के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह थी जिन्हे एनसीसी परेड की सलामी दी गई। इसके पश्चात भगवान सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुवात किया गया। इसके पश्चात सभी स्कूलों के द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ने स्कूल के सभी बच्चों को एनसीसी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया एनसीसी स्थापना दिवस पे सभी स्कूलो के प्राचार्य उपस्थित थे। इस कार्यकम को एसएमडी अध्यक्ष अतुल सिंह, शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य मगरीता टोपो,



एनएमएस से डॉक्टर तेज प्रकाश, शिक्षा विभाग से आबो मनोज सिंह राठौर सभी ने कार्यकम को सफल बनाया। इस कार्यकम में नगरपालिका सीएमडी शशीभुषण महापात्र, पार्षद के. साजी, पार्षद अनिल मरकाम, थामस बाबू, भाजपा महामंत्री मोहित धवन, नजबूल हक सहित शहर के गणमान नागरिक उपस्थित थे। इस सफल कार्यकम विद्यानगर हाई स्कूल में किया गया।

# वन विभाग के मैदान पर हेलीपैड निर्माण का विरोध, खिलाड़ियों को विधायक का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में वन विभाग के खेल मैदान पर प्रशासन द्वारा कराए जा रहे हेलीपैड निर्माण कार्य को स्थानीय खिलाड़ियों और सुबह-शाम सैर करने वाले लोगों के विरोध के बाद रोक दिया गया है। यह मैदान बच्चों और युवाओं के खेलकूद का एकमात्र स्थान है, जिसके अधिग्रहण का विरोध लगातार चल रहा था। प्रशासन द्वारा वन विभाग के इस मैदान पर हेलीपैड निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। मैदान का उपयोग क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी और स्थानीय नागरिक सुबह-शाम खेलकूद तथा व्यायाम के लिए करते हैं। जब निर्माण कार्य



शुरू हुआ, तो स्थानीय खिलाड़ियों ने एकजुट होकर काम को बंद करा दिया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे किसी भी कीमत पर अपने खेल के मैदान को छिनने नहीं देंगे। इस विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी तत्काल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने विरोध कर रहे खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत की और उनकी चिंताओं को सुना। विधायक मंडावी ने खिलाड़ियों को आश्वासन देते हुए कहा कि यह मैदान हमारे बच्चों के खेलकूद करने का एकमात्र मैदान है। मैं तुरंत इस विषय में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से बात करूँगी और इस काम को बंद करवाऊँगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा काम बंद नहीं किया जाता है।

# थाना प्रभारी से आदिवासी समाज ने की सौजन्य भेंट, कई विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने सरोना थाना प्रभारी मलिक राम केंवट से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया। मुलाकात को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें समाज के प्रमुख पदाधिकारी और गांव के जिम्मेदार नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुलाकात के दौरान आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, नशामुक्ति



को लेकर जागरूकता, ग्रामस्तर पर बढ़ती छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं पर अंकुश और पुलिस-जन सहभागिता जैसे विषयों पर बातचीत की। समाज के सदस्यों ने कहा कि पुलिस और ग्रामीणों के बीच निरंतर संवाद से कई समस्याओं का समाधान बिना विवाद और तनाव के संभव है। गोंडवाना समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को बताया कि क्षेत्र के आदिवासी बहुल गांवों में कई बार छोटी घटनाएँ भी समय पर जानकारी न पहुंचने से गंभीर रूप ले लेती हैं। ऐसे में ग्रामस्तर पर पुलिस की सक्रियता और जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। सुझाव दिया कि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर ग्राम सभाओं, युवाओं की बैठकों और महिला समूहों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ, जिससे सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था दोनों मजबूत हों। थाना प्रभारी मलिक राम केंवट ने समाज के प्रतिनिधियों के सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस विभाग हमेशा जनता के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार में विश्वास रखता है।

**पेज 11 के शेष...**

### कुम्हार कालेज के...

एक स्वर में मांग की है कि उनके भविष्य और महाविद्यालय की प्रगति को देखते हुए इस जनहितैषी कदम पर विचार किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूजा कोवाची, चैतूराम तुलावी, दीपक कल्लो, राजेश गोटा, सुकलाल सलाम, देवेश कांगे, मुकेश गोटा, ऋतु नुरूटी, पूजा कोवाची, नवीन दुग्गा, राकेश मंडावी, नागेश टोहलिया, उमेश मरकाम, मनीष कोर्राम, सोकसिंग पुडो, दीप्ति उसेंडी, प्राची नरेटी, अमीषा, बिंदया प्रीति नरेटी, लोयेशा मरकाम, प्रतिभा मरकाम, सुष्मिता सलाम, अरविंद उसेंडी, अभय नरेटी व अन्य उपस्थित रहें।

### हाफ बिजली की...

जीवन आसान बनेगा । सरकार की फैसले का प्रदेश की जनता ने स्वागत किया है लोगों में हर्ष और उत्साह देखने को मिल रहा है।

### फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम...

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतनराम पटेल, प्रो. नवरतन साव, महाविद्यालय चारामा की क्रीडाधिकारी डॉ. पूजा और आदर्श, क्रीडाधिकारी नीरज पटेल उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल से...

भावना जागृत करना था, चोरी की इस प्रकार की घटना से आयोजन समिति एवं हमारे नगर की छवि को और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा है। चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जाए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

## खबर संक्षेप



### योग शिक्षक को मिली पीएचडी की उपाधि

**कांकेर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर से पीव्ही 80 हरिदासपुर निवासी दिनेश बाला को योग विभाग के आचार्य प्रो. कप्तान सिंह के निर्देशन में प्राणायाम का सिगरेट सेवन करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं व्यसन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि मिली। पीएचडी की मौखिक परीक्षा रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी रायसेन भोपाल के एसोसिएट प्रोफेसर एवं योग विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश पांडे के पर्यवेक्षण में 14 नवंबर को सम्पन्न हुआ। वर्तमान में वह लोगों को योग शिक्षक के रूप में योग शिक्षा प्रदान कर रहे है। राज्य महिला की क्रिकेट टीम में

### रेंगावाही उप-धान खरीदी केंद्र बंद होने से किसानों में भारी आक्रोश



**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र के किसानों में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन द्वारा अचानक रेंगावाही उप-धान खरीदी केंद्र को बंद कर छोटेबेठीया केंद्र में विलय किए जाने के विरोध में स्थानीय किसान तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। पिछले 14 वर्षों से रेंगावाही में संचालित यह उप-केंद्र रेंगावाही और आसपास के छोटे गांवों के किसानों के लिए सुविधा का मुख्य केंद्र था, जहाँ वे बिना किसी परेशानी के अपना धान बेचते आ रहे थे। धान खरीदी केंद्र बंद होने के कारण अब किसानों को अपना धान बेचने के लिए 30 से 35 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके छोटेबेठीया केंद्र पहुँचना पड़ रहा है। इतनी लंबी दूरी तय करने में अत्यधिक समय नष्ट हो रहा है। ट्रांसपोर्टेशन का अतिरिक्त खर्च उनके आर्थिक बोझ को काफी बढ़ा रहा है, जिससे उनकी आय प्रभावित होगी। रेंगावाही क्षेत्र के किसान जोर देकर मांग कर रहे हैं कि 14 साल से सफलतापूर्वक संचालित हो रहे रेंगावाही उप-धान खरीदी केंद्र को तत्काल फिर से शुरू किया जाए। किसानों ने प्रशासन के इस अचानक निर्णय को उनके साथ नाइंसाफी बताया है। धान खरीदी केंद्र के प्रभारी अधिकारी नारायण ने बताया कि इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया गया है।

## निधन

### अर्जुन दुग्गा



**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी निवासी 90 वर्षीय अर्जुन दुग्गा का 22 नवंबर को सुबह 6 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार, ग्रामवासी उपस्थित रहें। वे पूर्व सरपंच वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता सोमजी दुग्गा के बड़े भाई और भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के सक्रिय सदस्य मनोज दुग्गा के बड़े पिताजी थे।

# जीपीडीपी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में 135 पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में पंचायतों के सतत और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम के तहत यह प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जिसमें विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों से सरपंच एवं सचिव सहित कुल 135 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं का सही आकलन करने, महिला सभा व बाल सभा के माध्यम से विशिष्ट समस्याओं की पहचान करने, बजट की प्रारंभिक समझ बनाने और प्राथमिकताओं के आधार पर समस्याओं को ग्राम सभा में प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। प्रशिक्षण विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि एक प्रभावी ग्राम पंचायत योजना तभी संभव है जब उसमें गांव के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने पारदर्शिता और जनभागीदारी को सफल पंचायत प्रशासन की मूल कुंजी बताया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी उदय प्रकाश नाग ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतों के सतत और योजनाबद्ध विकास के लिए जीपीडीपी ही एकमात्र सुचारू प्रक्रिया है।



#### प्रभावशाली योजना बनाने में मददगार सिद्ध होगा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जीपीडीपी के अंतर्गत जीआईएस आधारित डिजिटल डेटा संग्रहण प्रणाली पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायक होगी। प्रदान संस्था के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जैसे आदि कर्मयोगी अभियान में तकनीकी सहयोग मिला, उसी प्रकार जीपीडीपी के लिए भी संस्था का सहयोग एक प्रभावशाली योजना बनाने में मददगार सिद्ध होगा। जनपद अध्यक्ष श्यामबती मांडवी ने कहा कि एक अच्छी और समावेशी जीपीडीपी योजना से संतुलित और समान विकास होगा, जो सभी को दिखेगा और महसूस होगा। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैध ने ग्राम सभा में जनभागीदारी, समस्याओं का एकत्रीकरण और प्राथमिकता निर्धारण को योजना निर्माण की आधारशिला बताया। प्रशिक्षण के दौरान प्रदान संस्था के विशेषज्ञ सुमित बिस्वास, विजय कुमार एवं जयप्रकाश कुलदीप द्वारा तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसे सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

### दिवस : विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और लोक नृत्यों से समां बांध

# महर्षि कालेज में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारिता की स्वतंत्रता और जिम्मेदारी पर किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस बड़े ही हर्षाल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह दिवस न केवल लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की स्वतंत्रता का जश्न है, बल्कि पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी पर गहन विचार-विमर्श का मंच भी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति गीतों और लोक नृत्यों ने मंच पर समा बांध दिया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और उत्साह से भर गया।

- छात्र-छात्राओं से निष्पक्ष पत्रकारिता की वकालत की और सत्यता को उजागर करने की बात कही

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने छात्रों से कहा पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है। पुलिस और पत्रकारिता का एक जैसे काम है, जिस पद में हम है इसमें भी पत्रकारिता के चलते हमें घटना, दुर्घटना व अन्य जानकारी मिलता है जिसे अपडेट रहते है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका है। खासकर बस्तर में पत्रकारिता सबसे ज्यादा चुनौती है। नक्सली घटनाओं को लोगों तक पहुँचाना बहुत कठिन है। पत्रकारिता कोर्स कर रहे छात्र-छात्राओं से कहा पत्रकारिता को निष्पक्ष रूप से सत्यता को जांचकर प्रसारित और प्रकाशित करें। फेक न्यूज वर्तमान में तेजी से फैलती है। बम होने का अफवाह हो या कोई और इससे बचना चाहिए। पत्रकारिता में अपनी अलग पहचान बनाएं। मैं कही भी रहूं यहाँ से सूचना आना चाहिए। भानुप्रतापपुर कॉलेज में पढ़े छात्र पत्रकारिता में देश भर में नाम रोशन हो। उन्होंने मीडिया की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि सत्य और निष्पक्षता ही पत्रकारिता की नींव है। किसी भी व्यक्ति की सफलता समचारों के बिना संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि डीएफओ ऋषभ जैन ने पत्रकारों की सुरक्षा पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि समाज की जिम्मेदारी है कि पत्रकारों की सुरक्षा का ध्यान रखें, जिससे वह समाज को दिशा दिखा सके। लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ पत्रकारिता है। समाज को पत्रकारिता के माध्यम से सही जानकारी दे। उन्होंने यह भी कहा कि एक जागरूक मीडिया ही टिकाऊ विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। प्राचार्य डॉ रश्मि सिँह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलता है। प्राचार्य ने कहा बस्तर संभाग के यह एक मात्र कॉलेज है जहाँ पत्रकारिता की पढ़ाई हो रही है। शुरु में छात्र-छात्राएं कम थे वर्तमान 100 बच्चे है। इस क्षेत्र में रिस्पॉन्स बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास, स्नेहा रितेश नाग, योगेश यादव, मुकेश डहरवाल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी खिलेश्वर नेताम एवं आभार व्यक्त जश्मिन उसारे ने किया।



#### पत्रकार समाज के प्रति जवाबदेह बनें

जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने भी पत्रकारिता के महत्व को बताते हुऐ समाज में इसकी उपयोगिता को बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता नैतिकता और निडरता सर्वोपरि होनी चाहिए। पत्रकारिता के छात्रों को यह समझना चाहिए कि वे समाज के प्रति जवाबदेह हैं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने कहा वर्तमान में पत्रकारिता कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन सुनने को मिलता है पत्रकार की हत्या हो गई, हमला हो गया। इसके लिए सुरक्षित रहकर और निष्पक्षता से सभी पक्षों जानकर प्रकाशित और प्रसारित करें। फेक न्यूज से बचे और कोई भी खबर की तह तक जाकर खबर बनाएं। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने पत्रकारिता विभाग की जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार दुबे ने भी संबोधित किया। पत्रकारिता में स्नातक की डिग्री सफलतापूर्वक पूरी करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी सामंत साहू, पारस कड़ियाम, भूमिका दर्रो और डिकेश्वर को पत्रकारिता शिखर सम्मानसे सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण को पहचानता है और साथ ही महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एनएसएस बी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### धान उपार्जन केंद्र केवटी का भाजपा ने किया निरीक्षण



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के धान उपार्जन केंद्र केवटी का भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी एवं महामंत्री राजीव श्रीवास ने समग्र व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी स्थल में किसानों की व्यवस्था, तौल मशीन, भुगतान प्रक्रिया तथा बोरा उपलब्धता जैसी प्रमुख व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

केंद्र में पदस्थ अधिकारी भावेश चंद्रवंशी ने मंडल पदाधिकारियों को बताया कि विगत तीन दिनों से धान खरीदी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आने वाले किसानों का पंजीयन, तुलाई एवं परिवहन की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के संपादित की जा रही है और साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि खरीदी केंद्र में अब तक किसी भी प्रकार की समस्या, अव्यवस्था या शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने अधिकारियों को किसानों की सुविधाओं को सर्वोपरि रखने एवं खरीदी कार्य को पारदर्शी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। पदाधिकारियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा संगठन किसानों की हर समस्या पर लगातार नजर रखे हुए है और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित समाधान के लिए प्रशासन से संपर्क स्थापित किया जाएगा।

## दुर्घटनाओं के बाद स्टेट हाईवे संबलपुर लोहतर पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता युवा मोर्चा के स्थानीय ने स्टेट हाइवे संबलपुर-लोहतर सड़क मार्ग पर तत्काल स्पीड ब्रेकर स्थापित करने की मांग की है। एक वीडियो जारी कर प्रशासन और शासन को आगाह किया है कि यह मार्ग अब लोगों के लिए मौत का जाल बनता जा रहा है।

भाजपा नेता राहुल राय ने अपनी मांग को जायज ठहराते हुए सड़क की वर्तमान खतरनाक स्थिति पर प्रकाश डाला। बताया कि पिछले केवल सात दिनों के भीतर इस सड़क पर चार गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। यह सड़क अब लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के कारण भय का माहौल है। हमने देखा है कि तेज रफ्तार के कारण कई परिवार उजड़ गए हैं। हम शासन-प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि इस सड़क पर तुरंत ब्रेकर लगवाए जाएं ताकि वाहनों की गति पर नियंत्रण हो सके और अनमोल जानें बचाई जा सकें। भाजयुमो नेता ने स्पष्ट किया कि उनकी यह मांग जनहित में है और प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अव्हान किया कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द गति नियंत्रक उपाय लगाए जाएं ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है और वे भी राहुल राय की इस मांग का समर्थन करते हैं।

## बच्चों को फिर शिक्षा से जोड़ने की कारगर पहल, शिक्षा विभाग का अनुरोध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



जिला प्रशासन द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम लगातार उल्लेखनीय सफलताएँ दर्ज कर रहा है। शिक्षा से दूर होते बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने की इस पहल का सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में कन्या माध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पलाचुर की कक्षा 6 वीं से छात्रा चंद्रिका, कक्षा 7 वीं माखन, हाहालददी के कक्षा 8 वीं अजय कुमार एवं कक्षा 7 वीं से भुरकागुदुम की छात्रा जमुना जो शिक्षा सत्र से लगातार स्कूल नहीं आ रहे थे, अब पुनः नियमित रूप से विद्यालय पहुंचने लगे हैं।

विद्यालय कि शिक्षिकाओं ने व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हुए विद्यार्थियों के घर जाकर उनके पालकों से संवाद किया। उन्होंने शिक्षा का महत्व, भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव और नियमित उपस्थिति की अनिवार्यता को सरल भाषा में समझाया। लगातार प्रयासों, समझाइश और विश्वास निर्माण के बाद अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझे और बच्चों ने विद्यालय वापस जाना शुरू कर दिया। मनीषा सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। अनुरोध कार्यक्रम के तहत शिक्षक समुदाय घर-घर जाकर अनुपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से बातचीत करते हैं। इससे बच्चों में शिक्षण के प्रति उत्साह बढ़ रहा है और परिवार भी शिक्षा के महत्व को समझने लगे हैं। शिक्षिका सावित्री ठाकुर ने कहा कि कई बार बच्चों की अनुपस्थिति सिर्फ जागरूकता की कमी के कारण होती है। जब शिक्षक स्वयं जाकर परिवार से बात करते हैं, तो माता-पिता बच्चों के भविष्य को लेकर अधिक गंभीर होते हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थी पुनः विद्यालय से जुड़ने लगते हैं। इन बच्चों की स्कूल वापसी ने न सिर्फ उनकी शिक्षा की निरंतरता को पुनर्जीवित किया है, बल्कि यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। अन्य पालक और विद्यार्थी भी इससे प्रेरित होकर शिक्षा के महत्व को समझ रहे हैं। अनुरोध कार्यक्रम अब शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रभावी अभियान का रूप ले चुका है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित हो रहा है और विद्यालयों में नियमित उपस्थिति बढ़ रही है।



## मतदाता परिचय पत्र के गहन पुनरीक्षण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के ग्राम कुआंपानी में एसआईआर मतदाता परिचय पत्र के गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण एवं समीक्षा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे किया। बैठक मंडल उपाध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच ढालन सिंह राणा की अगुवाई में आयोजित हुई, जिसमें पुनरीक्षण से जुड़ी संपूर्ण जानकारी दी गई।

पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ दिनेश्वर सिन्हा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री पात्र ने फार्म भरने एवं उन्हें ऑनलाइन जमा कराने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस दौरान मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने एसआईआर को लेकर फैली भ्रांतियों और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। वहीं मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी ने इसे सरकार द्वारा मतदाता परिचय पत्र के शुद्धिकरण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताया। तीन मतदान केंद्रों में केंवटी 112, असुलखार 117 और कुआंपानी 118 का निरीक्षण किया गया। केंवटी केंद्र में 884 मतदाताओं में से 527 फॉर्म बीएलओ कमलनारायण कोमरा द्वारा ऑनलाइन जमा किए गए। असुलखार केंद्र पर 498 मतदाताओं में से 170 फॉर्म बीएलओ विजय भास्कर द्वारा ऑनलाइन किए गए, जबकि कुआंपानी केंद्र के 541 मतदाताओं में से 52 फॉर्म बीएलओ दिनेश्वर सिन्हा द्वारा जमा किए गए। बैठक में ग्राम के वाल्मीकि पुजारी, राजेंद्र समरथ, लक्ष्मी नाथ यादव, मनीष यादव, सुमित पुजारी, नंदकुमार कश्यप, थानेश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एकलव्य विद्यालय की युवा ग्रामसभा कार्यक्रम में विकास पर रखे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर


एकलव्य विद्यालय नरहरपुर के शिक्षकों व छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के साथ युवा ग्राम सभा का आयोजन आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था की प्राचार्य टिकेश्वरी कश्यप ने बताया की माडल युवा ग्राम सभा का आयोजन बच्चों द्वारा किया जाएगा, जिसमें बच्चों द्रारा पंचायत प्रतिनिधि बनकर नाटक के माध्यम से पंचायत में प्रतिनिधि के दायित्व व ग्रामीणों के अधिकारों पर परस्तुती दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम प्रारंभ होने पश्चात पंचायत प्रतिनिधि का गठन किया गया तथा सरपंच के रूप में लिलेशवरी कोटपरिया को चुना गया और सरपंच की अध्यक्षता में ग्राम सभा शुरू हुई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और विद्यालय प्रबंधन के सदस्य मौजूद थे। सभा का उद्देश्य युवाओं की समस्याओं, सुझावों और गांव के विकास में उनकी भूमिका पर विस्तृत संवाद स्थापित करना था। सभा के दौरान रोजगार, उच्च शिक्षा, खेल सुविधाएँ, नशा मुक्ति जागरूकता, डिजिटल शिक्षा, जल संरक्षण तथा स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। युवाओं ने विद्यालय परिसर और ग्राम पंचायत क्षेत्र में खेल मैदान का उन्नयन, व्यायामशाला की स्थापना, स्ट्रीट लाइट की बढ़ोतरी, तथा कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर शुरू करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सरपंच बनी छात्रा लिलेशवरी कोटपरिया ने युवाओं की मांगों को सकारात्मक रूप से लेते हुए आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर पर सभी जरूरी कदम प्राथमिकता से उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव के विकास की असली ताकत उसके युवा हैं।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल ने युवाओं के नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए अपने विचार साझा किए।वहीं पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस सही दिशा और अवसर मिलने की जरूरत है तथा पंचायत राज के अधिकारी व कार्यों को जानने लिखने युवाओं को आगे आने की ज़रूरत है इसी कड़ी में मुकेश संचेती ने एकलव्य मॉडल विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा माडल युथ ग्राम सभा के शानदार प्रदर्शन की सराहना की साथ ही एकलव्य विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन ने भी इस पहल की सराहना की और युवाओं को निरंतर प्रगति के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में सचिव ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और युवाओं का आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपाल सोनी पकंज त्रिपाठी अभिजीत कुमार अमन तिवारी एकता शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।




बच्च पंचायत प्रतिनिधि बनकर नाटक के माध्यम से दायित्व व ग्रामीण अधिकारों पर प्रस्तुती दी देंगे

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411